एक नजर में



### स्वच्छता बनाए रखने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएमओ

**नवभारत भैरूंदा.** सीएमओ आरपी भावरे ने जिस दिन से नप की कमान संभाली है. उसी दिन से नगर में प्रतिदिन भ्रमण कर व्यवस्थाएं देख रहे हैं. उन्होंने वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद ओमप्रकाश पंवार के साथ वार्ड का निरीक्षण किया. जहां सफाई व्यवस्था को दिए निर्देश दिए. नगर में बने गौशाला, मुक्तिधाम, छात्रावास और और जल गंगा सर्वधन अभियान के अलावा वार्ड 3 में बने कुएं का निरीक्षण किया. वार्ड 7 में पार्षद प्रतिनिधि मुकेश अग्रवाल के साथ भ्रमण स्वच्छता व्यवस्थाएं देखी. दुर्घटना की संभावना को देखते हुए पूरे नगर में घूम रही गौवंश को कर्मचारियों द्वारा गौशाला में पहुंचाया गया. श्री भांवरे ने कहा कि स्वच्छता के संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.



### पुलिस ने हरियाली महोत्सव के अंतर्गत किया पौधारोपण

**नवभारत बुधनी.** हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पुलिस द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई. थाना परिसर में पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया. कार्यक्रम के तहत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया. इस अवसर पर एसडीओपी रवि शर्मा, पूर्व एसडीओपी महेन्द्र सिंह मीना, थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी सहित पुलिस बल उपस्थित था. हरियाली महोत्सव जैसे आयोजनों से यह स्पष्ट होता है कि पुलिस प्रशासन केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों का निर्वहन भी गंभीरता से करता है.




### मुनि विराग सागर के समाधि दिवस पर हुई धर्मसभा

**नवभारत आष्टा.** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आचार्य विराग सागर मुनिराज के प्रथम समाधि दिवस पर गुणानुवाद धर्म सभा का आयोजन किया गया. धर्मसभा को उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज ने संबोधित करते हुए कहा कि आज गुरुदेव की प्रथम समाधि दिवस है. यह क्षति वर्षों वर्षों में पूरी नहीं कर सकते हैं. मुनिश्री विनिबोध सागर मुनिराज ने कहा कि हम सभी अंतिम तीर्थकर महावीर भगवान के शासन में रह रहे हैं. सम्मेद शिखर जी को स्मरण कराता है. मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने कहा गुरु भक्ति का पुरुषार्थ चल रहा है यह, सामान्य भक्ति नहीं है. जीवों का पुण्य होने पर भगवान और गुरु की भक्ति करता है. जब पुण्य होता है तो गुरुओं के दर्शन होते हैं. आचार्य श्री की महामांगलिक संगीतमय पूजन भजनों के साथ जैन भजन गायक शरद जैन द्वारा की गई. मुनि श्री ने गुरु गुणानुवाद के रूप में गुरु जी के विषय मे संस्मरण सुनाए और भावुक मन से विनयांजली प्रकट की. अशोका गार्डन में उपाध्याय विशोक सागर मुनिराज ससंघ का चातुर्मास है, वहां के लेग का लोकार्पण भोपाल समाज से विशेष रूप से हरीश जैन चंद्रा, संतोष जैन ट्रांसपोर्ट आदि ने किया.



### मस्ताल ने छात्रा को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**नवभारत बुधनी.** कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने शुक्रवार को पीड़ित छात्रा और उसके माता-पिता से मुलाकात की. कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने बताया कि शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल द्वारा प्रताड़ित बच्ची और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्या को जाना ओर उनकी समस्या के निराकरण करने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया. श्री शर्मा ने कहा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की विधानसभा में लाड़ली लक्ष्मी को शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल प्रबंधन ने परीक्षा से वंचित कर दिया. प्रशासनिक अधिकारी और सत्ताधारी नेता दलित बच्ची के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले तुगलकी स्कूल के आगे नतमस्तक हो गए हैं. क्या सरकार और उनके आधिकारी दलित बच्ची के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल बाबा राम रहीम से संबद्ध स्कूली संस्था अपने राजनैतिक रसूख वाले स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ कर मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं. जबकि पीड़ित छात्रा और उनके परिजनों ने साफ-साफ बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा किस प्रकार उनकी बच्चियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया.

### नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**नवभारत इछावर.** पुलिस ने नाबालिग बालिका अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को उसके कब्जे से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द के किया. जानकारी के अनुसार एक जून को ग्राम ढाबला माता निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 मई की रात्रि को उनकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात युवक अपहरण कर ले गया है. परिजनों ने रिश्तेदारों एवं गांव में तलाशा लेकिन कोई सुराग नहीं लगा तो महिला ने थाने में गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज कराया. महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में टीम गठित की गई. पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को भोपाल के गांधीनगर क्षेत्र स्थित पारदी बस्ती से आरोपी के कब्जे से बरामद कर लिया गया. बालिका के बयान एवं मेडिकल परीक्षण उपरांत उसे परिजनों को सुपुर्द किया गया. आरोपी अमोनसिंह पारदी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेजने के आदेश जारी किए.

# आमजन की दुखती रग को सहला रही कांग्रेस

## स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में शहर कांग्रेस ने दिया धरना, इंग्लिशपुरावासियों से भी मिले कांग्रेसी




**सीहोर.** विद्युत कंपनी की हठधर्मिता के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस द्वारा कोतवाली चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया गया.

- सांकेतिक धरने में भाजपा सरकार पर भी साधा निशाना
- आमजन के साथ हर समस्या में साथ रहने का किया वादा

नवभारत न्यूज

**सीहोर. शहर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं पर थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर आमजन में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. ऐसे में कांग्रेस ने इस मुद्दे को हाथों- हाथ लेते हुए विद्युत कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. शहर कांग्रेस ने कोतवाली चौराहे पर विद्युत कंपनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया. इसके अलावा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मीटर लगाने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा में लगे बंदूकधारियों को माला पहनाकर विरोध का गांधीवादी तरीका अपनाया.**

बीते कई चुनावों में मिली पराजय और जमीन खो चुकी कांग्रेस ने आमजन की दुखती रग को सहलाना शुरू कर दिया है ताकि आमजन की मानसिकता बदले और आगामी चुनावों में इसका असर देखने को मिले. यही कारण है कि शहर में इन दिनों स्मार्ट मीटर को लेकर तीव्र जनाक्रोश देखने को मिल रहा है. लोग स्मार्ट मीटर लगाने वालों पर हमला करने से भी नहीं हिचक रहे हैं. ऐसे हालात में सत्तारूढ़ जनप्रतिनिधियों की चुप्पी को देखकर कांग्रेस ने इस मुद्दे को हाथों हाथ लिया है. शुक्रवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा के आव्हान पर कोतवाली चौराहे पर विद्युत कंपनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया.

शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर खपत से अधिक रिडिंग दे रहे हैं. अघोषित बिजली कटौती के दौरान भी स्मार्ट मीटर रीडिंग बना रहे हैं. बिजली के बिलों की राशि भारी मात्रा में बढ़ाकर दी जा रही है. समय पर रिडिंग नहीं ली जा रही है. बिल तक समय पर नही दिए जा रहे हैं. विद्युत कंपनी की अनियमितताओं और मनमानी के कारण नागरिकों में काफी आक्रोश बना हुआ है. नागरिकों के विरोध के बाद भी जबरदस्ती घरों दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिससे अनेक स्थानों पर लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन रही है. अब नागरिकों को डराने के लिए बंदूकधारियों के साथ ठेकेदार के कर्मचारी मोहल्लों में पहुंच रहे है. जिससे शहर का माहौल खराब होने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है. प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, अरुण श्रीवास्तव, शैलेन्द्र पटेल, हरपाल ठाकुर, गुलाब बाई ठाकुर, रुकमणि रोहिला, विष्णु प्रसाद राठौर, ओम वर्मा, राजाराम बड़े भाई, गणेश तिवारी, प्रीतम दयाल चौरसिया ब्रजेश पटेल, रमेश गुप्ता धर्मेंद्र ठाकुर ओम राठौर, राजेंद्र ठाकुर, सीताराम भारती, रघुवीर दांगी, हैदर यार, विनोद राठौर, विवेक राठौर आदि मौजूद थे.

### अभी माला पहनाई है आगे मुंह भी काला करेंगे

शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर जनता की खून पसीने की गाढ़ी कमाई को स्मार्ट तरीके से लूटने के लिए जबरदस्ती लगाए जा रहे हैं. स्मार्ट मीटर लगाने वाले बंदूकधारियों को अभी तो हमने गांधीवादी तरीके से माला पहनाई है, नहीं माने तो काला मुंह करके शहर से बाहर निकाल देंगे. जनता की जेब काटने के लिए विरोध के बावजूद स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और जनता को डराने के लिए बंदूक भी दिखा रहे हैं. कांग्रेस कार्यकर्ता जनता का अपमान सहन नहीं करेंगे और जनहित के मुददों को लेकर बेखौफ आवाज उठाते रहेंगे.

### कर्मचारियों और गनमैन को पहनाई माला

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेता कार्यकर्ता शहर के कई मोहल्लों में पहुंचे और स्मार्ट मीटर घरों की दीवारों पर लगा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों और बंदूकधारी सुरक्षा गार्डो का गांधीगिरी करते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत कर स्मार्ट मीटर लगाने बंद करने की चेतावनी दी गई. शहर कांग्रेस अध्यक्ष निशांत वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा इंग्लिशपुरा रोड क्षेत्र के मकान मालिकों से भी चर्चा की गई. दुकानदारों ने बताया कि तंग करने के लिए नपा द्वारा टू लेन रोड बनाने के लिए हमारे मकानों व दुकानों को तोड़ा जा रहा है जबकी यह हमारी निजी जमीन है.

### इतना नशा कर लिया कि बेटी को छोड़ गया



**भैरुंदा.** गत दिवस एक पिता अपनी सात साल की बच्ची को मामा के घर छोड़ने जा रहा था. जो शराब के नशे में बालिका को सनकोटा जोड़ पर छोड़ कर चलाया गया. मध्यरात्रि को जब पुलिस ने बालिका को देखा तो उसे परिजनों के सुर्पुद किया. जानकारी के अनुसार ग्राम आंबा निवासी एक पिता मोटर सायकल से अपनी सात साल की बच्ची को लेकर उसके मामा के यहां ग्राम सुआपानी छोड़ने जा रहा था. लेकिन सनकोटा घाट पर पिता शराब पीने में मस्त हो गया और इस दौरान नशे की हालत में वह मोटर सायकल से चला गया और बालिका को वहीं छोड़ गया. बीती मध्यरात्रि को डायल 100 पर कॉलर अजय बारेला ने फोन कर बताया कि एक 7 साल की एक बच्ची सनकोटा जोड़ पर अकेली खड़ी है जो काफी डरी हुई है एवं घबराई है. सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका फोन करने वाले पास ही सनकोटा जोड़ पर खड़ी मिली. जिसे लेकर पुलिसकर्मी लाड़कुई चौकी पहुंचे. बालिका से नाम पता पूछा एवं ग्राम सनकोटा में बच्ची को उसके परिजन के सुपुर्द किया.

## लकड़ी चोरों से जब्त 4 बाइक ले उड़े चोर

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** वन परिक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बांसापुर स्थित वन चौकी में चोरों ने धावा बोला. वन चौकी में जब्ती में रखे चार दो पहिया वाहनों को चुराकर ले गए. मामले की जानकारी एसडीओ वन विभाग ने पुलिस को सूचना दी.

जानकारी के अनुसार गत 23 जून की रात वन विभाग कर्मचारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को बताया कि वन चौकी बांसापुर में अवैध लकड़ी ले जाते समय जब्त किए गए दो पहिया और चार पहिया वाहन चौकी परिसर में रखे हुए थे. जिसमें से चार दुपहिया वाहन नदारद मिले. एसडीओ सुकृति ओसवाल ने इस मामले में पुलिस को आवेदन दिया है. सूत्रों की माने तो वन चौकी पर जहां दिन में डिप्टी रेंजर और कर्मचारी मौजूद रहते हैं तो वन रक्षक का निवास भी है जिसमें वन रक्षक और चौकीदार रात में रहते हैं. ऐसे में कर्मचारियों की मौजूदगी होने के बाद गाड़ियां चोरी होना हैरानी की बात है. हालांकि इस मामले में आगे की जांच पुलिस कर रही है.

मामले में एसडीओ सुकृति ओसवाल ने बताया कि तीन चार दिन पहले जांच चौकी में हुई चोरी की घटना को लेकर वरिष्ठ अधिकारी को बिना अवगत करवाए डिप्टी रेंजर ने थाने में जाकर सूचना दी. इसके बाद एसडीओ सुकृति ओसवाल को मामले की जानकारी दी गई. साथ ही चौकी पर पदस्थ अस्थाई चौकीदार के साथ मारपीट की गई जिसके संबंध में चौकीदार ने वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर अवगत कराया गया है.

## मादक पदार्थ पर रोक लगाने महिलाएं हुईं लामबंद

- गांव में बढ़ती नशे की गतिविधि को देख महिलाएं परेशान
- कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगी कलेक्ट्रेट का घेराव

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** गांजा, डोडा व अवैध शराब की अवैध बिक्री को लेकर ग्राम पाचोर की महिलाएं सामने आई. ग्रामीण महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी मांगों पर 3 दिन में गौर नहीं किया तो हम जिला प्रशासन का घेराव करेंगे.

शुक्रवार को तीन दर्जन से अधिक महिलाओं ने सरपंच प्रतिनिधि मोहन सरेआम, कोटवार शंकर लाल मेहरा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंची और उन्हें ज्ञापन सौंपा. ग्रामीण महिलाओं का एक कहना है कि गांव में स्थानीय दुकानों के साथ-साथ बाहर से अवैध रूप से मादक पदार्थ गांव में बिक रहा है. जिससे पुरुषों के साथ नाबालिग बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं. पुरुष जहां नशे के उपरांत परिजनों व ग्रामीणों से लड़ाई-झगड़ा करते हैं. वहीं बच्चे पढ़ने लिखने की उम्र में नशे की चपेट में आ रहे हैं और ज्यादातर बच्चों ने तो पढ़ाई से तौबा कर लिया. हम महिलाओं ने पहले भी प्रशासन को हमारी पीड़ा से अवगत कराया था. लेकिन प्रशासन ने हमारी एक न सुनी जिसके कारण आज हमें यहां तक आना पड़ा. वहीं बाहर से शराब की बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो गए. अब



तो खुलेआम घर-घर जाकर नशीला पदार्थ विक्रय कर रहे हैं. जिससे कई परिवार बिखरने की कगार पर हैं. शराब के लिए पुरुष वर्ग राशन तक बेच रहा है.

महिलाओं ने गुहार लगाई कि हमारे परिवार को उजड़ने से बचा लो वरना हमारा अच्छा फलता फूलता परिवार नशे की चपेट में आकर बिखर जाएगा. महिलाओं से झड़गते हुए घर का राशन तक बेचकर शराब का सेवन कर रहे हैं. जिससे न केवल 2 जून की रोटी की दिक्कत हो रही है वहीं राशन न देने पर पुरुष महिलाओं के साथ मारपीट भी कर रहे हैं. अगर इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा.

## जिपं अध्यक्ष पति ने इंजीनियर को कक्ष में मारा तमाचा

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास अभियंता संघ में नाराजगी
- कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा के पति सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा पर इंजीनियर से मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. शुक्रवार को जिले के इंजीनियर संघ ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपकर रोष जताया तो पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन देकर अध्यक्ष पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

जनपद पंचायत के उपयंत्री अखिल मंगल ने बताया कि



गुरुवार को पंचायत अध्यक्ष के रिश्तेदार जितेन्द्र मेवाड़ा का फोन आया कि आप शाम को अध्यक्ष के कक्ष में आईए. उपयंत्री का कहना था कि जब वह अध्यक्ष के कक्ष में पहुंचा तो वहां पर पूर्व से ही सुरेन्द्र मेवाड़ा, जितेन्द्र मेवाड़ा एवं उपयंत्री प्रमोद राठौर मौजूद थे. उपयंत्री अखिल मंगल का कहना है कि अध्यक्ष पति मेवाड़ा द्वारा मुझ पर ग्रेवल रोड ढाबला का गलत मूल्यांकन करने एवं फर्जी बिल माप पुस्तिका पर चढ़ाने का दबाव बनाया गया. उपयंत्री का कहना है कि जब मैंने गलत काम करने से मना किया तो सुरेन्द्र मेवाड़ा ने कहा कि बिल नहीं बनाएगा तो कमरे से बाहर भी नहीं जा सकेगा. अखिल का कहना था कि जब वह कमरे से निकलकर भागा तो पीछा कर मुझे पकड़ा और मारपीट की गई. किसी तरह स्टाफ ने मुझे बचाया.

इस बात की जानकारी लगते ही अभियंता संघ में आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया. शुक्रवार को नारेबाजी करते हुए अभियंता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शिकायत की गई. इसके अलावा अभियंता संघ द्वारा पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपकर जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए कि कार्रवाई नहीं होने पर वह हड़ताल करेंगे.

## दो कार की भिड़ंत, चालक बाल-बाल बचे

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 46 गडरिया नाले पर शाहगंज की ओर जाने वाले सर्विस रोड़ पर शुक्रवार की दोपहर को दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. जिसमें कार सवार बाल-बाल बच गए.

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर को नेशनल हाइवे निर्माण कार्य कर रही कंपनी में अनुबंधित कार व शाहगंज की ओर जा रही तेज रफ्तार कार में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई. इस हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. खबर लिखे जाने तक सड़क हादसे को लेकर थाने में कोई भी प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई




गई है. गौरतलब है कि नेशनल हाइवे 46 पर भोपाल की ओर से आने वाले वाहन बुधनी के नजदीक बगवाड़ा टोल प्लाजा पर टोल राशि अधिक होने पर अधिकतर छोटे ओर बड़े वाहन टोल बचाने के लिए सर्विस रोड़ का उपयोग करते हैं जिसके कारण आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है. इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इन खामियों को दूर नहीं किया जा रहा है जिससे आए दिन सड़क हादसे घटित हो रहे हैं.

**आयोजन** जिला मुख्यालय पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए राशि अंतरित की

# विद्यार्थी अधिक ज्ञान अर्जित कर देश के विकास में करें सहयोग

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जिले के 2752 विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप क्रय करने के लिए 6 करोड़ 88 लाख रुपए की राशि अंतरित की. लैपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में जिले की 1707 छात्राएं और 1045 छात्र शामिल हैं. जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थित आवासीय खेलकूद संस्थान में आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर और कलेक्टर बालागुरू के. सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लैपटॉप की राशि प्राप्त करने वाले एवं जिले की मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावन विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया. मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया.

इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य है. विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वे अपने विद्यार्थी जीवन में अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें और देश के विकास में सहयोग करें. उन्होंने कहा कि एक शिक्षित युवा ही किसी राष्ट्र को शीर्ष तक पहुंचा सकता है. शिक्षा हमें विनम्रता, सहनशीलता, सौ यता और नैतिकता पूर्ण जीवन जीना सिखाती है. कार्यक्रम में डीईओ संजय सिंह तोमर, जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके, सहायक संचालक सुश्री सलोनी शर्मा सहित अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

लैपटॉप की राशि मिलने पर सभी प्रतिभावन विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी. लैपटॉप की राशि प्राप्त करने वाली कुमारी शालू राठौर, कुमारी नेहा, कुमारी खुशी, कुमारी तनिषा लोधी और छात्र हितेश दुबे सहित सभी विद्यार्थियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सहायता न केवल हमारे शैक्षणिक सफर को तकनीकी रूप से



सशक्त बनाएगी. बल्कि हमें आगे बढ़ने के लिए और अधिक प्रेरित भी करेगी. सरकार द्वारा विद्यार्थियों के सपनों को समझना और उन्हें प्रोत्साहित करना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है. हम मुख्यमंत्री डॉ मोहन प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए हम जैसे छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में यह सशक्त कदम उठाया. उन्होंने कहा अब हमारे सपने एक नई उड़ान भरने के लिए तैयार हैं.

### नशे में कार चलाने वाला युवक गिरफ्तार

**आष्टा.** पुलिस ने शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही हैं. शुक्रवार को नशे में कार चलाने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया. न्यायालय द्वारा शराबी कार चालक पर जुर्माना लगाया गया. जानकारी के अनुसार पुलिस ने शराब के नशे में कार चालक रामस्वरूप लोवंशी पिता रामदास लोवंशी निवासी शिवनी मालवा होशंगाबाद के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कार जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया. न्यायालय द्वारा कार चालक रामस्वरूप लोवंशी पर 12 हजार रुपए का जुर्माना कर वसूला गया. पुलिस द्वारा तीन माह से शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है.